24020467

**QP CODE: 24020467**

**Reg No** : ....................

**Name** : ....................

**UNDER GRADUATE (CBCS) REGULAR / IMPROVEMENT / REAPPEARANCE EXAMINATIONS, MAY 2024**

**Second Semester**

**Common Course II - HN2CCT01 - HINDI - SHORT STORIES AND NOVEL**

(Common for Model I B.A/B.Sc Programmes)

2017 ADMISSION ONWARDS

6E97FF84

Time: 3 Hours | Max. Marks : 80

*Instructions to Private candidates only: This question paper contains two sections. Answer SECTION I questions in the answer-book provided. SECTION II, Internal examination questions must be answered in the question paper itself. Follow the detailed instructions given under SECTION II*

**Part A**

*किन्ही* ***दस*** *प्रश्नों के उत्तर लिखिए*

1. प्रेमचंद के बाल मनोविज्ञान पर आधारित दो कहानियों का नाम लिखिए।
2. अमरूद का पेड़ किसकी रचना है ?यह पेड़ किसका प्रतीक है ?
3. मामासोन कहाँ रहते हैं ? उनकी वेशभूषा क्या है ?
4. 'शेष यात्रा 'किसकी रचना है? किस विधा की रचना है ?
5. "रामधन खूब रोया उस बात पर ... अकेले में। "किस बात पर ?
6. रात के तीन बजे कहानीकार नींद खुलते तो माँ रसोई में क्या करती थी?उसने लेखक से क्या कहा ?
7. चंद्रकांता का संक्षिप्त परिचय दीजिए।
8. मीना मौसी कभी उस घर में सिर उठाकर सधे कदमों से चल नहीं पाई। किस घर में और क्यों?
9. वर्ष भर बीतने पर जगन ने अपनी योजनाओं का कार्यरूप देना चाहा'-जगन कौन है और उसकी योजना क्या थी ?
10. सुरेश-सरोज के संबंध में बीजी सरोज को ही दोषी मानती थी -क्यों?
11. बाऊजी मीना मौसी की तरफ क्यों आकृष्ट हुए ?
12. घर से कट जाने की दिशा में उठाया गया विकी का पहला कदम क्या था ?

(10×2=20)

## Part B

*किन्ही **छः** प्रश्नों के उत्तर लिखिए*

13. ईद का दिन हामिद अपने दोस्तों के सामने खिसिया गया। क्यों?
14. "जो भी हो मुझे प्रसन्नता हुई कि अपशकुनी विश्वासों की ज़हरीली छाया हमारे कोमल मीठे अमरूद तरू पर नहीं पड़ी"। सप्रसंग व्याख्या कीजिए।
15. "आज तेरा गुरु ही तेरा तख्ता है इसी पर तीर चला क्योंकि मैं चाहता हूँ कि यदि तुम नहीं सीख पाए तो दूसरा कोई भी मामासोन की धनुर्विद्या न सीख पाये।" सप्रसंग व्याख्या कीजिए।
16. "ठीक किए रामधन! बिलकुल ठीक किए। इन साले दाऊ लोगों को गाय- बैल बेचने की क्या कदर ?साला दाऊ चाहे कुछ रहे -अपने घर में होगा। हम आखिर बैल बेचने आये हैं ,किसी बाम्हन को बछिया दान करने नहीं आये हैं। ठीक किया तुम ने। " (अ) यह प्रसंग किस कहानी से लिया गया है ? (आ) इसका लेखक कौन है? (इ) प्रस्तुत प्रसंग किसने किससे कहा? (ई) इसका सन्दर्भ क्या है ?
17. जब बेटे ने माँ से आराम करने का अनुरोध किया तो माँ की प्रतिक्रिया क्या थी ?
18. बाऊजी की अकाल मृत्यु में क्या आप विकी को भी गुन्हेगार मानते हैं | अपना मत प्रकट कीजिए ।
19. बाऊजी ने अपने विल में क्या लिखा था ?
20. मातृ-पितृहीन बालिका के जीवन की करुण त्रासदी है 'अंतिम साक्ष्य'| इस कथन की आलोचना कीजिए ?
21. पारिवारिक विमर्श के संदर्भ में 'अंतिम साक्ष्य' की आलोचना कीजिए ।

(6×5=30)

## Part C

*किन्ही **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए*

22. अमरूद का पेड़ कहानी का सारांश लिखिए।
23. बाज़ारी मानसिकता से अपरिचित पुराणी पीढ़ी और उपभोगवादी संस्कृति में पली हुई नयी पीढ़ी के बीच की टहराहट की कहानी है 'बाजार में रामधन'। समर्थन कीजिए।
24. विकी एक आदर्श बेटा है या नहीं -इस विषय पर आलेख लिखिए।
25. मकान को घर बनाने केलिए प्रत्येक सदास्य की सम्मिलित प्रयास अनिवार्य है ? अंतिम साक्ष्य उपन्यास के संदर्भ में अपने विचार लिखिए।

(2×15=30)